ओवरसीज़ स्टूडेन्ट हेल्थ कवर

ऑस्ट्रेलिया में स्वास्थ्य-देखरेख

bupa.com.au/students पर और अधिक जानकारी

हम समझते हैं कि स्वास्थ्य-देखरेख आगमन करने वाले नए लोगों के लिए पेचीदा हो सकती है। इसलिए हम सर्वश्रेष्ठ सलाह एवं सहायता प्रदान करने की कोशिश करते हैं ताकि आपको आपकी ज़रूरतों के लिए सही देखरेख पाने में मदद मिल सके।

ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य-देखरेख प्रणाली के दो भाग हैं, सरकारी स्वास्थ्य-देखरेख प्रणाली जिसका प्रबंध ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा किया जाता है, जिसे Medicare कहते हैं, और गैर-सरकारी स्वास्थ्य-देखरेख प्रणाली।

प्राइवेट हेल्थकेयर सिस्टम (गैर-सरकारी स्वास्थ्य देखरेख प्रणाली)

प्राइवेट सिस्टम में Bupa जैसे स्वास्थ्य बीमाकर्ता शामिल हैं, जो ऑस्ट्रेलियाई लोगों को चिकित्सीय सेवाओं और स्वास्थ्य प्रदाताओं तक पहुँच प्रदान करने के लिए Medicare के साथ काम करते हैं।

पब्लिक हेल्थकेयर सिस्टम (सरकारी स्वास्थ्य देखरेख प्रणाली)

Medicare क्या है?

Medicare ऑस्ट्रेलिया का पब्लिक हेल्थकेयर सिस्टम (सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली) है – यह सभी नागरिकों, अधिकांश परमानेंट रेज़ीडेंन्टस और परमानेंट रेज़ीडेंसी के आवेदकों के लिए है। यह कुछ निश्चित प्रकार की स्वास्थ्य देखरेख सेवाओं के लिए नि:शुल्क या छूट-प्राप्त सुरक्षा प्रदान करता है।

क्या मुझे Medicare की सुविधा उपलब्ध है?

यदि आप स्टूडेन्ट वीज़ा के लिए आवेदन कर रहे/रही हैं, आप वर्तमान समय में एक स्टूडेन्ट हैं या आप अपना स्टूडेन्ट वीज़ा बढ़ाना चाहते/चाहती हैं, तो आपको सामान्यत: Medicare की सुविधा प्राप्त नहीं होगी।[1]

Bupa ओवरसीज़ स्टूडेन्ट हेल्थ कवर को क्यों चुनें?

हमारा उद्देश्य ही हमें सबसे अलग बनाता है – हमारा उद्देश्य अपने सदस्यों को अधिक लंबे समय तक, स्वास्थ्य तथा खुशहाल जीवन जीने में सहायता देना है। हम आपके स्वास्थ्य पर ध्यान देते हैं, ताकि आप अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। ओवरसीज़ स्टूडेन्ट हेल्थ कवर (OSHC) यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि आपके बीमार पड़ने या किसी दुर्घटना का शिकार होने की स्थिति में आप मेडिकल खर्च के लिए सुरक्षित होंगे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार यह आवश्यक बनाती है कि आपके पास ऑस्ट्रेलिया में आपकी पढ़ाई की अवधि के लिए OSHC हो।[2]

जब आप गृह मामला विभाग (Department of Home Affairs) के साथ अपना वीज़ा आवेदन जमा करते/करती हैं, तो आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप अपने OSHC का प्रमाण दिखाएँ।

वीज़ा की आवश्यकताओं को पूरा करें

100% सुनिश्चित होना कि आप ऑस्ट्रेलियाई सरकार की बीमा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करते/करती हैं।

अपने आप को किसी अप्रत्याशित घटना से सुरक्षित करें

यदि आपके यहाँ रहने की अवधि में कोई अप्रत्याशित घटना घटती है, तो आप इलाज और चिकित्सीय देखरेख के लिए सुरक्षित हो सकते/सकती हैं।

असीमित एमर्जेंसी ऐम्बुलेंस

हम सभी एमर्जेंसियों में ऐम्बुलेंस परिवहन और अपने मान्यता-प्राप्त प्रदाताओं के द्वारा घटनास्थल पर इलाज की व्यवस्था करते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बेनेफिट्स के लिए कोई प्रतीक्षा अवधियाँ नहीं

आपका मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए आपके पास अपने कवर पर मनोविज्ञानी इलाज और मानसिक स्वास्थ्य बेनेफिट्स तक पहुँच प्राप्त करने के लिए कोई प्रतीक्षा अवधियाँ नहीं हैं।[3]

सुविधा

यह चयन करके कि मैम्बर्स फ्सर्ट और नेटवर्क हॉस्पिटल्स पर आपका इलाज कहाँ और कब होगा, मानसिक शांति प्राप्त करें।

OSHC एक्स्ट्रास

उन सेवाओं के लिए एक्स्ट्रास कवर का चयन करें जो OSHC द्वारा सुरक्षित नहीं होती हैं, जैसे कि डेंटल, फिज़ियो, काइरो और ऑप्टिकल।

[1]जिन देशों के साथ पारस्परिक स्वास्थ्य संबंध हों, वहाँ से आने वाले विद्यार्थियों को कुछ हद तक Medicare की सुविधा प्राप्त हो सकती है, परन्तु फिर भी उन्हें OSHC की आवश्यकता हो सकती है। और अधिक जानकारी के लिए humanservices.gov.au/individuals/services/medicare/reciprocal-health-care-agreements देखें। [2]चुनिंदा देशों से आने वाले विद्यार्थियों को कुछ हद तक Medicare की सुविधा प्राप्त हो सकती है, परन्तु फिर भी उन्हें OSHC की आवश्यकता हो सकती है। और अधिक जानकारी के लिए humanservices.gov.au/customer/enablers/health-care-visitors-australia देखें। [3]आगे भविष्य में नोटिस दिए जाने तक मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति की पहले से मौजूद समस्या के लिए 2 महीने की प्रतीक्षा अवधि Bupa द्वारा लागू नहीं की जाती है।

ओवरसीज़ स्टूडेन्ट हेल्थ कवर

अस्पताल एवं चिकित्सीय सेवाएँ	
अस्पताल में प्रदान की जाने वाली सेवाएँ	**OSHC**
रिहेबिलिटेशन (बहाली)	✓
अस्पताल में प्रदान की जाने वाली मनोरोग सेवाएँ	✓
प्रशामक देखभाल	✓
रक्त	✓
अस्थि मज्जा रक्त-आधान या प्रत्यारोपण	✓
आँख (मोतियाबिंद को छोड़कर)	✓
मोतियाबिंद	✓
कान, नाक और गला	✓
हड्डी, जोड़ और मांसपेशी	✓
ज्वाइंट रिकंस्ट्रक्शन	✓
ज्वाइंट रिप्लेसमेंट (कुल्हे और घुटने के अलावा)	✓
ज्वाइंट रिप्लेसमेंट (कूल्हा और घुटना)	✓
अंग प्रत्यारोपण	✓
किडनी की दीर्घकालिक खराबी के लिए डायलिसिस	✓
हर्निया और अपेन्डिक्स	✓
हृदय और नाड़ी तंत्र	✓
गाईनेकोलॉजी	✓
गर्भपात और गर्भावस्था की समाप्ति	✓
गर्भावस्थ्या और जन्म	✓
सहायता-प्राप्त प्रजनन सेवाएँ	✗
पुरूष प्रजनन प्रणाली	✓
प्लास्टिक एवं रिकन्स्ट्रक्टिव सर्जरी (चिकित्सीय रूप से आवश्यक)	✓
हर प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी	✗
Medicare द्वारा मान्यता-प्राप्त सभी अन्य सेवाएँ	✓
अस्पताल में प्रदान की जाने वाली चिकित्सीय सेवाएँ	
इनपेशेंट चिकित्सीय खर्च	MBS का 100%
Medicare द्वारा मान्यता-प्राप्त अधिकांश रोग-नैदानिक टेस्ट (जैसे कि एक्स-रे, पैथोलोजी)	✓
आउटपेशेंट चिकित्सीय सेवाएँ	
GP के साथ सलाह-मशवरे	MBS का 100%
स्पेशलिस्ट के साथ सलाह-मशवरे	MBS का 100%
पैथोलोजी (जैसे कि ब्लड टेस्ट)	✓
रेडियोलोजी (जैसे कि एक्स-रे स्कैन)	✓
चुनिंदा फॉर्मेसी आइटम्स	प्रति स्क्रिप्ट आइटम $50 प्रति व्यक्ति वार्षिक $300 की सीमा (प्रति परिवार सदस्यता के लिए $600)
आउटपेशेंट मनोरोग सेवाएँ	✓
अतिरिक्त बेनेफिट्स	
एमर्जेंसी और सीमित गैर-एमर्जेंसी ऐम्बुलेंस सेवाएँ	केवल एमर्जेंसी ऐम्बुलेंस
देश-प्रत्यावर्तन	✗
फैमिली इन-हॉस्पिटल बेनेफिट	✗
बैसाखियाँ और व्हीलचेयर बेनेफिट	✗
अतिरिक्त सेवाओं के लिए कवर (जैसे कि डेंटल, ऑप्टिक्ल, फिजियो)	✗
यात्रा और आवास संबंधी बेनेफिट	✗

[1]MBS उन चिकित्सीय सेवाओं तथा उपचारों की सूची है जो Medicare द्वारा कवर किए जाने के लिए स्वीकृत हैं और साथ ही यह ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा इन सेवाओं तथा उपचारों के लिए निर्धारित फीस की भी सूची है। [2]सिंगल(एकल) के लिए $300 की वार्षिक सीमा, दम्पत्तियों और परिवारों के लिए $600 की सीमा। [3]शर्तें लागू हैं। और अधिक विवरण के लिए हमें संपर्क करें। [4]आगे भविष्य में नोटिस दिए जाने तक मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति की पहले से मौजूद समस्या के लिए 2 महीने की प्रतीक्षा अवधि Bupa द्वारा लागू नहीं की जाती है। [5]OSHC परिवार के विस्तृत सदस्यों के लिए बीमा-सुरक्षा प्रदान नहीं करता है, जैसे कि आपकी माता, आपके पिता, आपका भाई या आपकी आंटी। यदि परिवार के ये सदस्य आपसे मिलने ऑस्ट्रेलिया आते हैं, तो हम उन्हें अलग से उनका अपना ओवरसीज़ विज़िटर्स कवर दे सकते हैं। और अधिक विवरण के लिए हमें 134 135 पर संपर्क करें।

गैर-सरकारी और सरकारी अस्पतालों तक पहुँच

इस बात को लेकर मानसिक शांति कि अधिकांश मामलों में आप मैम्बर्स फर्स्ट, नेटवर्क और सरकारी अस्पतालों में इनपेशेन्ट सेवाओं, आवास और थिएटर फीस के लिए बीमे द्वारा सुरक्षित हैं।

डॉक्टर और विशेषज्ञ

डॉक्टरों या विशेषज्ञों द्वारा अस्पताल में या अस्पताल के बाहर प्रदान की गई चिकित्सीय सेवाओं के खर्च के लिए 100% मेडिकेयर बेनेफिट्स शेड्यूल (MBS)[1] फीस प्राप्त करें।

फ़ॉर्मेसी

प्रति स्क्रिप्ट आइटम के लिए एक बार के लिए $50 क्लेम करें जब आपने PBS सह-भुगतान शुल्क दिया है।[2]

एमर्जेंसी ऐम्बुलेंस

असीमित एमर्जेंसी ऐम्बुलेंस परिवहन सेवा और हमारे मान्यता-प्राप्त प्रदाताओं द्वारा घटनास्थल पर इलाज।

निजी कमरा

यदि उपलब्ध हो तो अपना खुद का कमरा प्राप्त करें या यदि आप हमारे मैम्बर्स फर्स्ट अस्पतालों में रात भर रहते/रहती हैं तो अस्पताल से $50 वापस पाएँ।[3]

मत भूलें कि प्रतीक्षा अवधियाँ लागू हैं

2 महीने की प्रतीक्षा अवधि:

- मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति की पहले से मौजूद समस्याओं, विकारों और रोगों के लिए।[4]

12 महीने की प्रतीक्षा अवधि:

- पहले से मौजूद समस्याओं, विकारों और रोगों के लिए
- गर्भावस्था से सम्बन्धित समस्याएँ

अधिक जानकारी के लिए कृपया महत्वपूर्ण जानकारी संदर्शिका **bupa.com.au/oshc-info** देखें।

प्रतीक्षा अवधियाँ लागू नहीं होती हैं जब:

- हमारे साथ जुड़ने के बाद हुई किसी दुर्घटना के कारण उपचार की आवश्यकता हो
- आप किसी ऐसी समस्या से पीड़ित हैं जो **bupa.com.au/oshc-Info** पर उपलब्ध महत्वपूर्ण सूचना संदर्शिका के एमर्जेंसी उपचार अनुभाग के तहत परिभाषित हो।

वे सेवाएँ जो बीमे द्वारा सुरक्षित नहीं हैं

- वे कार्यविधियाँ जो चिकित्सा सेवा सलाहकारी कमेटी द्वारा अनुमोदित नहीं हैं।
- वे कार्यविधियाँ जिन्हें Medicare से मान्यता-प्राप्त नहीं है।
- प्रयोगात्मक उपचार।
- राहत देखरेख।
- वैकल्पिक कॉस्मेटिक सर्जरी।

ऐसी अन्य सेवाएँ भी हैं जो पूरी तरह से या बिल्कुल भी बीमे से सुरक्षित नहीं है। बीमा-सुरक्षा के अधीन क्या आता है और क्या नहीं, इसे शामिल करते हुए अधिक जानकारी के लिए, आपको इसे हमारी महत्वपूर्ण सूचना निर्देशिका के साथ पढ़ना चाहिए जो **bupa.com.au/oshc-Info** पर उपलब्ध है।

3 प्रकार की सदस्यताएँ उपलब्ध हैं।

सिंगल (एकल)
केवल विद्यार्थी के लिए बीमा-सुरक्षा

कपल (दम्पति)
विद्यार्थी और उसके स्टूडेन्ट डिपेन्डेंट वीज़ा पर सूचीबद्ध पार्टनर (सहजीवी) के लिए बीमा-सुरक्षा

परिवार[5]
विद्यार्थी, उसके पार्टनर और उनके 18 साल से कम आयु वाले डिपेन्डेंट (आश्रित) बच्चों के लिए बीमा-सुरक्षा, यदि वे विद्यार्थी के साथ ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं।

स्टूडेन्ट (विद्यार्थी) की परिभाषा प्राथमिक स्टूडेन्ट वीज़ा धारक के रूप में की जाती है।

OSHC Extras (एक्स्ट्रास) कवर

OSHC Extras एक अतिरिक्त कवर है जिसे अच्छी उपयोगिता की तलाश करने वाले युवा और स्वस्थ विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है। OSHC Extras आपके वीज़ा अनुवर्ती एडवान्टेज ओवरसीज़ स्टूडेन्ट हेल्थ कवर (OSHC) के साथ अतिरिक्त तौर पर लिया जा सकता है और ये प्रासंगिक वार्षिक विज़िट की सीमाओं तक अतिरिक्त सेवाएँ प्रदान करता है जो केवल (OSHC) से कवर्ड नहीं होती हैं। आपको प्रत्येक वर्ष निश्चित Members First एक्स्ट्रास सेवाओं[1] के लिए 100% कवर मिलेगा जिनकी ज़रूरत आपको ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई करते समय हो सकती है जैसे कि डेंटल चेक-अप, फिजिओ, काइरो और पोडाइट्री सलाह-मशवरे (वार्षिक विज़िट सीमाओं के अधीन)। इसका अर्थ यह है कि आपको प्रदाताओं के यहाँ वार्षिक विज़िट की सीमाओं तक शामिल एक्स्ट्रास के लिए अपनी जेब से खर्च का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। हमने इसे समझने और प्रयोग करने में आसान बनाया है ताकि आपको यह पता हो कि शुरू से आपको क्या उपयोगिता प्राप्त हो रही है।

	मैम्बर्स फर्स्ट एक्स्ट्रास – बीमे द्वारा क्या सुरक्षित है	वार्षिक विज़िट्स
✓	डेंटल चेक-अप[2]	1
✓	फिजिओ, काइरो और / या पोडाइट्री सलाह-मशवरे	3
✓	बोनस डॉलर – सिंग्लस के लिए $50, दम्पतियों के लिए $100	1
✓	Bupa ऑप्टिक्ल - $50 वाउचर[3]	1
✓	Bupa डाइटिशियनों के साथ फोन पर सलाह-मशवरे[4]	2
	एक्स्ट्रास सेवाओं के लिए 2 महीने की शुरूआती प्रतीक्षा अवधि लागू है	

बोनस डॉलर

हम, प्रति वर्ष एक बार देय, कुल $50 (दंपत्तियों और पारिवारिक सदस्यताओं के लिए $100) का योगदान देंगे, जिसे हेल्थकेयर प्रदाताओं के यहाँ अपनी जेब से होने वाले खर्च (एक्स्ट्रास) में शामिल करने के लिए आपकी सभी अतिरिक्त सेवाओं में बाँटा जा सकता है (उदाहरणत: फिलिंग या अतिरिक्त फिजियो इलाज के लिए)।

Members First प्रदाता रेट्स

यह कवर आपको Members First स्वास्थ्य-देखरेख प्रदाताओं से चुनिंदा एक्स्ट्रास सेवाओं के लिए Members First रेट्स तक पहुँच प्रदान करने की योग्यता देता है भले ही आप इस कवर के अधीन कोई बेनेफिट प्राप्त नहीं करते/करती हैं। इसका यह अर्थ है कि आपको विभिन्न प्रकार की सेवाओं और सलाह-मशवरों के लिए कीमत की निश्चितता प्राप्त होगी।

अपने नजदीक Members First प्रदाताओं की सूची के लिए, यह वेबसाइट **www.bupa.com.au/find-a-provider** देखें

Members First Platinum पर और अधिक लाभ

आपको प्रत्येक वर्ष Members First प्रदाताओं पर निश्चित सीमा की एक्स्ट्रास सेवाओं के लिए 100% कवर मिलेगा। इसके साथ ही, जब आप इसमें हॉस्पिटल कवर जोड़ते/जोड़ती हैं, तो आप Members First Platinum डेंटिस्ट्स पर विशिष्ट अतिरिक्त सामान्य डेंटल सेवाओं के लिए कोई भुगतान नहीं करेंगे/करेंगी।[5]

bupa.com.au/members-first-platinum पर और अधिक जानकारी का पता लगाएँ

Members First प्रदाता नेटवर्क

Bupa Members First हेल्थकेयर व्यवसायियों का एक व्यापक नेटवर्क है जिसमें डेंटल, ऑप्टिकल, फिजियोथेरेपी, काइरोप्रेक्टिक और पोडाइट्री प्रदाता शामिल हैं। OSHC Extras इस नेटवर्क पर पूरी तरह से उपलब्ध है और यह निश्चित शामिल सेवाओं पर 100% कवर के बेनेफिट के साथ उपलब्ध है (वार्षिक विज़िट सीमाओं के अधीन)। इसका यह अर्थ है कि जब आप इन सेवाओं के लिए Members First नेटवर्क प्रदाता के यहाँ जाते/जाती हैं तो आपको अपनी जेब से खर्च का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। OSHC Extras गैर-Bupa Members First हेल्थकेयर प्रदाताओं पर मिलने वाली किन्हीं सेवाओं को कवर नहीं करती हैं।

आम-तौर पर प्रयोग होने वाला एक्स्ट्रास

आपके लिए हमारे अन्य एक्स्ट्रास कवर की तुलना करना आसान बनाने के लिए, हमने नीचे अपने सदस्यों द्वारा सबसे सामान्य तौर पर प्रयोग की जाने वाली एक्स्ट्रास सेवाओं को सूचीबद्ध किया है।

		एक्स्ट्रास				
		बजट एक्स्ट्रास 60	आपकी पसंद का एक्स्ट्रास 60 (चार सेवाओं का चयन करें)	टॉप एक्स्ट्रास 60	टॉप एक्स्ट्रास 75	टॉप एक्स्ट्रास 90
		Members First प्रदाताओं पर कम से कम 60% वापिस[9]	Members First प्रदाताओं पर कम से कम 60% वापिस[9]	Members First प्रदाताओं पर कम से कम 60% वापिस[9]	Members First प्रदाताओं पर कम से कम 75% वापिस[9]	Members First प्रदाताओं पर कम से कम 90% वापिस[9]
	प्रतीक्षा अवधियाँ	वार्षिक सीमाएँ				
सामान्य डेंटल	2 महीने	$350 ♦ $700 ●	$700[7]	असीमित	असीमित	असीमित
मुख्य डेंटल	12 महीने	✗	$500[7]	$1,000	$1,100	$1,200
ऑप्टिक्ल	2 महीने	$150[6] ♦ $300[6] ●	$180[6]	$200[6]	$240[6]	$280[6]
फिज़ियोथेरेपी	2 महीने	$350 ♦ $700 ● की संयुक्त सीमा नैचुरल थेरेपी की उप-सीमा: $100 ♦ $200 ●	$450[7]	$700	$800	$900
काइरोप्रेक्टिक और आस्टियोपैथी	2 महीने		$350[7] ♦ $500[7] ●	$500 ♦ $1,000 ●	$600 ♦ $1,200 ●	$700 ♦ $1,400 ●
नैचुरल थेरेपी[8]	2 महीने		$500[7] मसाज की उप-सीमा: $100 प्रति व्यक्ति	$400 मसाज की उप-सीमा: $150 ♦ $300 ●	$500 मसाज की उप-सीमा: $200 ♦ $400 ●	$500 मसाज की उप-सीमा: $200 ♦ $400 ●
अन्य सेवाएँ	12 महीनों तक के लिए	**bupa.com.au/oshc-info** देखें				

निम्न कवर ⟶ उच्च कवर

♦ प्रति व्यक्ति ● प्रति सदस्यता

[1]वार्षिक विज़िट सीमाएँ, बोनस डॉलर मात्राएँ, प्रतीक्षा अवधियाँ और फंड संबंधी नियम लागू हैं। [2]इसमें केवल जाँच करनी, स्केल और क्लीन करना, फ्लोराइड और टू बाइटविंग एक्स-रे शामिल हैं। [3]वाउचर दिए जाने के लिए ई-मेल पता बताया जाना ज़रूरी है। [4]Bupa डाइटिशियन सलाह-मशवरे उपलब्ध हैं और इनका आयोजन केवल अंग्रेज़ी में किया जाता है। [5]प्रतीक्षा अवधियाँ, फंड और नीति संबंधी नियम लागू हैं। [6]Members First ऑप्टिक्ल प्रदाता का प्रयोग करते समय उच्च सीमाएँ लागू होती हैं। [7]यह राशि वर्ष दर वर्ष अधिकतम छ: वर्षों के लिए बढ़ती है। [8]1 अप्रैल 2019 से, निम्नलिखित सेवाएँ नैचुरल थेरेपी, मसाज (रिमिडियल मसाज, मायोथेरेपी, परंपरागत चाइनीज मेडिसन रिमिडियल मसाज), ऐक्यूपेंचर, और चाइनीज हर्बेलिज़म के अधीन बीमे द्वारा सुरक्षित होंगी [9]डेंटल, फिज़ियो, काइरो, पोडाइट्री सलाह-मशवरे और चयनित ऑप्टिकल शामिल करने वाले हमारे Members First एक्सट्रास प्रदाताओं पर अधिकांश आइटमों के लिए (बजट एक्स्ट्रास 60 में पोडाइट्री शामिल नहीं है)। वार्षिक सीमाएँ, प्रतीक्षा अवधियाँ, फंड और नीति संबंधी नियम लागू हैं। ऑर्थोडॉन्टिक्स, ऑर्थोटिक्स और अस्पताल के इलाज को छोड़कर। अन्य मान्यता-प्राप्त प्रदाताओं पर निर्धारित बेनेफिट्स लागू हैं।

हमारे सदस्यों के लिए और अधिक

हमारा मानना है कि सभी सदस्य ऐसे कार्यक्रमों से बेहतर स्वास्थ्य एवं कल्याण प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए मदद और समर्थन प्राप्त करने के पात्र होते हैं जो आपको बेहतर स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने में और दीर्घावधि की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए स्व-प्रबंधन संदर्शिकाओं के द्वारा सहायता देते हैं। आपको अधिक स्वस्थ्य और खुशहाल जीवन जीने में मदद देने के लिए यह सब हमारी वचनबद्धता का भाग है।

24-घंटे की सहायता सेवा

हमारी 24-घंटे की विद्यार्थी सलाह सेवा 180 भाषाओं में विभिन्न प्रकार की आपातिक स्थितियों के लिए सलाह और सहायता प्रदान करती है, जिनमें शामिल हैं; चिकित्सीय और दुर्घटना सहायता, घर और संपत्ति संबंधी पूछताछ, सामान्य कर (टैक्स) और कानूनी पूछताछ, व्यक्तिगत सुरक्षा, ड्रग और एल्कोहल संबंधी समस्याएँ और सदमे से सम्बन्धित परामर्श।

इस सेवा का प्रयोग करने के लिए बस **1300 884 235** पर फोन करें।

स्वास्थ्य एवं कल्याण के साधनों तक पहुँच

हमारा मानना है कि सभी सदस्य ऐसे कार्यक्रमों से बेहतर स्वास्थ्य एवं कल्याण प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए मदद और समर्थन प्राप्त करने के पात्र होते हैं जो आपको बेहतर स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने में और दीर्घावधि की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए स्व-प्रबंधन संदर्शिकाओं के द्वारा सहायता देते हैं।

bupa.com.au/health

myBupa

myBupa Bupa का मेम्बर सेल्फ सर्विस क्षेत्र है जो आपको अपने ओवरसीज़ स्टूडेन्ट हेल्थ कवर का प्रबंध करने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, यदि आप myBupa पर रजिस्टर करते/करती हैं, तो आपको विशिष्ट प्रकार की रियायतों, अनुभवों, साधनों और सूचना तक पहुँच प्राप्त होगी ताकि आप हर रोज़ अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

रजिस्टर होने के बाद, आपको तुरंत पहुँच प्राप्त हो जाती है और आप 24/7 निम्नलिखित कर सकते/सकती हैं।

- ऑनलाइन क्लेम जमा करना
- अपने संपर्क विवरण अपडेट करना
- मैम्बरशिप कार्ड ऑर्डर करना
- अपना कवर रिन्यू करना
- आप जिन चीज़ों के लिए सुरक्षित हैं, उनसे सम्बन्धित सूचना देखना
- क्लेम हिस्ट्री देखना

Bupa Plus इनाम और छूट

Bupa Plus इनाम और छूट: अपनी स्वास्थ्य बीमा से प्रतिदिन की उपयोगिता लेने के अभी भी कई तरीके हैं। इसलिए, हमारे सदस्यों का उनकी निष्ठा के लिए धन्यवाद करने के लिए, आपको Bupa Plus के द्वारा पुरस्कृत करने के विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य छूट, साधन तथा और भी बहुत कुछ प्राप्त होगा जिनमें शामिल हैं;

- जब आप सदस्यता लेते/लेती हैं तो, **10% छूट** 3 और 12-महीने की नई फिटनेस फर्स्ट मैम्बरशिप्स पर तथा साथ ही फ्री फिटनेस प्रोग्राम प्राप्त करें।
- **25% छूट** जब आप ऑनलाइन HOYTS मूवी वाउचर ऑनलाइन खरीदते/खरीदती हैं।
- **15% छूट** Movie World, Sea World, Wet 'n' Wild के लिए ऑनलाइन खरीदी एंट्री के लिए तथा और भी बहुत कुछ।

Bupaplus.com.au

वे तरीके जिनसे आप बचत कर सकते/सकती हैं

मैम्बर्स फर्स्ट अस्पताल

अपनी जेब से होने वाले खर्चे को कम या दूर करने के लिए हमारे मैम्बर्स फर्स्ट अस्पतालों का प्रयोग करें।

Members First डे हॉस्पिटल

अस्पताल या चिकित्सा के लिए अपनी जेब से कोई खर्च न करने के लिए हमारे मैम्बर्स फर्स्ट डे हॉस्पिटल का प्रयोग करें। मैम्बर्स फर्स्ट डे हॉस्पिटल पर किसी स्पेशलिस्ट द्वारा किए जाने वाले इलाज के लिए आपको कोई भुगतान नहीं करना पड़ेगा। NT में उपलब्ध नहीं है। आपके कवर से सम्बन्धित कोई ऐक्सेस फिर भी लागू होगी।

Bupa-फ्रेंडली डॉक्टर का पता लगाएँ

Bupa फ्रेंडली डॉक्टर का Bupa के साथ डॉयरेक्ट बिलिंग समझौता होता है ताकि आपकी जेब से होने वाले खर्च को कम या दूर करने में मदद दी जा सके।[1]

bupa.com.au/find-a-doctor पर जाकर डॉक्टर की सर्च करें

क्या आप अभी भी अनिश्चित हैं कि शुरूआत कहाँ से करनी है? हमारे मित्रवत कर्मचारियों से बात करें।

1800 888 942

bupa.com.au/students

किसी Bupa स्टोर जाएँ

[1]यदि डॉक्टर Bupa बेनेफिट से अधिक शुल्क लेता है तो आपको अपनी जेब से पैसे देने पड़ सकते हैं। यह खर्च Bupa द्वारा कवर्ड नहीं है।

वे महत्वपूर्ण बातें जो आपके अपने हेल्थ कवर के बारे में पता होनी चाहिए

किसी दूसरे OSHC प्रदाता से तबदीली करना

यदि आप किसी अन्य OSHC प्रदाता से Bupa में तबदीली करते/करती हैं, तो आप अपने पुराने कवर में शामिल सभी बेनेफिट पात्रताओं के लिए सुरक्षित रहना जारी रहेंगे/रहेंगी, बशर्ते कि ये सेवाएँ हमारे साथ हमारे नए कवर में पेश की जाती हैं, और आपके पुराने OSHC तथा आपके Bupa कवर के बीच कोई गैप (अंतर) न हो। इसे 'निरंतरता' कहते हैं।

हेल्थ फंड्स बदलते समय, आपके पुराने फंड द्वारा भुगतान किए जाने वाले एक्स्ट्रास बेनेफिट्स को हमारे साथ आपकी सदस्यता के पहले वर्ष में आपकी वार्षिक सीमाओं में गिना जाएगा। आपके पुराने फंड द्वारा भुगतान किए किन्हीं बेनेफिट्स को जीवनकाल के अधिकतम बेनेफिट्स की ओर गिना जाएगा।

तबदीली करने से सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए कृपया महत्वपूर्ण सूचना संदर्शिका देखें; **bupa.com.au/oshc-info**

इसमें क्या शामिल है?

अस्पताल के शामिल खर्च

प्राइवेट हॉस्पिटल कवर के साथ, आप प्राइवेट या पब्लिक (गैर-सरकारी या सरकारी) अस्पताल में प्राइवेट पेशेंट के तौर पर इलाज कराए जाने का चयन कर सकते/सकती हैं। अस्पताल में भर्ती होने के दौरान, अधिकांश मामलों में, आप अस्पताल में हुए खर्च के लिए उस स्थिति में सुरक्षित होंगे जब ये आपके अस्पताल के इलाज के भाग के तौर पर प्रदान किए जाते हैं, इनमें शामिल हैं:

- रात-भर के या उसी-दिन के लिए रुकने के लिए आवास।
- ऑपरेटिंग थिएटर, इंटेसिव केयर और लेबर वॉर्ड शुल्क।
- प्रदान किए गए फॉर्मास्यूटिक्ल्स जिन्हें Pharmaceutical Benefits Scheme (PBS) द्वारा इलाज की जाने वाली समस्या के लिए अनुमोदित किया गया हो और जिन्हें अस्पताल में आपके इलाज के भाग के तौर पर प्रदान किया गया हो
- फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी और अन्य अलाइड स्वास्थ्य सेवाएँ जिन्हें इनपेशंट भर्ती के तौर पर प्रदान किया जाता है
- सरकार की कृत्रिम अंग सूची पर अनुमोदित बेनेफिट की सीमा तक सर्जरी करके इम्प्लांट किए गए कृत्रिम अंग।
- प्राइवेट रूम यदि उपलब्ध हो और नैदानिक रूप से उचित हो।[1]

चिकित्सीय खर्च जो शामिल हैं

ये आपके डॉक्टर, सर्जन, एनेस्थेटिस्ट या अन्य स्पेशलिस्ट द्वारा आपको उस समय दिए किसी इलाज के लिए ली गई फीस होती है जब आप एक इनपेशंट के रूप में अस्पताल में भर्ती होते हैं। इसमें Medicare द्वारा चिकित्सीय तौर पर आवश्यक के रूप में पहचान किए गए अधिकांश इनपेशंट रोग-निदान टेस्ट (जैसे कि पेथोलोजी, रेडियोलोजी) शामिल हैं। हम आपको Medicare Benefits Schedule (MBS) के 100% के लिए सुरक्षित करते/करती हैं। यह ऑस्ट्रेलियाई निवासियों के लिए विशिष्ट सेवा के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा निर्धारित राशि है। यदि आपका डॉक्टर या स्पेशलिस्ट MBS फीस से अधिक शुल्क चार्ज करता है तो आपको 'गैप (अंतर)' का भुगतान करना होगा।

क्या शामिल नहीं है

अस्पताल के वे खर्च जो शामिल नहीं हैं

वे स्थितियाँ जब आपके बीमा से सुरक्षित होने की संभावना न हो या जब आपकी जेब से बहुत खर्च होने की संभावना हो, इनमें शामिल हैं:

- प्रतीक्षा अवधि के दौरान।
- जब आपका इलाज किसी ऐसे अस्पताल में हो रहा है जिसके साथ अनुबंध न हो।
- निश्चित फीस अस्पताल द्वारा या किसी ऐसे अस्पताल द्वारा चार्ज की जाने वाली निश्चित फीस जिसकी कोई निश्चित फीस सेवा न हो।
- जब आप अस्पताल में भर्ती हों और आपका इलाज आउटपेशेंट के तौर पर किया जा रहा है (उदाहरणत: एमर्जेंसी रूम में इलाज, शिशु के जन्म से पहले आब्स्टिट्रिशन के साथ आउटपेशेंट एंटीनेटल सलाह-मशवरा) हो सकता है कि आप बीमे से सुरक्षित न हों।

चिकित्सीय खर्च बीमे द्वारा सुरक्षित नहीं हैं

आप निम्न के लिए बीमे से सुरक्षित नहीं होंगे:

- किसी डेंटिस्ट, पोडाइट्रिस्ट, या किसी अन्य व्यावसायिक या सेवा द्वारा की सर्जरी संबंधी कार्यविधि के लिए चिकित्सीय सेवाएँ जो Medicare द्वारा छूट के लिए पात्र न हों।
- चिकित्सीय जाँच, एक्स-रे, टीकारण या इम्युनाइजेशन और अन्य इलाज के लिए खर्च जिनके लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए वीज़ा लेना पडे या परमानेंट रेज़ीडेंसी वीज़ा की ज़रूरत हो
- कॉस्मेटिक सर्जरी।

जो बीमे से सुरक्षित नहीं है उससे सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए महत्वपूर्ण सूचना संदर्शिका देखें
bupa.com.au/oshc-info

प्रतीक्षा अवधियाँ

प्रतीक्षा अवधि वह समयावधि होती है जब आप किसी विशेष सेवा के लिए बीमे द्वारा सुरक्षित नहीं होते/होती हैं। यह आपके ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने की तिथि या आपकी सदस्यता शुरू करने की तिथि में से जो भी तिथि बाद में आती है, उस से शुरू होती है।

यदि प्रतीक्षा अवधि के समय में आपका कोई इलाज होता है, तो आपको अस्पताल और चिकित्सीय शुल्क के कुछ भाग या संपूर्ण भाग का भुगतान करना होगा, बशर्ते कि इलाज को एमर्जेंसी इलाज के तौर पर न माना जाए।

ओवरसीज़ स्टूडेन्ट हेल्थ कवर पर निम्नलिखित प्रतीक्षा अवधियाँ लागू हैं:

हॉस्पिटल कवर	प्रतीक्षा अवधि
मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति की पहले से मौजूद समस्याएँ, रोग या बीमारियाँ	2 महीने
बाकी सभी पहले से मौजूद समस्याएँ, रोग या बीमारियाँ	12 महीने
गर्भावस्था से सम्बन्धित समस्याएँ	12 महीने

आगे भविष्य में नोटिस दिए जाने तक मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति की पहले से मौजूद समस्या, रोगों या बीमारियों के लिए 2 महीने की प्रतीक्षा अवधि Bupa द्वारा ओवरसीज़ स्टूडेन्ट हेल्थ कवर पर लागू नहीं की जाती है।

[1]शर्तें लागू हैं। और अधिक जानकारी के लिए हमें संपर्क करें।

पहले से मौजूद समस्याएँ

पहले से मौजूद समस्या कोई भी ऐसी समस्या, रोग या बीमारी होती है जिसके लक्षण या संकेत आपको हमारे साथ जुड़ने या उच्च स्तर के कवर पर अपग्रेड करने से छः महीने के दौरान रह चुके हों। यह ज़रूरी नहीं है कि आपको या आपके डॉक्टर को यह पता हो कि आपकी समस्या क्या थी या यह कि समस्या का रोग-निदान किया गया हो।

यदि हमारे साथ जुड़ने या अपग्रेड करने से छः महीने पहले के दौरान आपको यह पता था कि आप स्वस्थ नहीं है, या आपको किसी ऐसी समस्या के लक्षण थे जिसका पता कोई डॉक्टर लगा सकता था, तो उस समस्या को पहले से मौजूद समस्या माना जाएगा।

आप या आपके द्वारा डॉक्टर नहीं, बल्कि हमारे द्वारा नियुक्त डॉक्टर यह निर्णय लेता है कि क्या आपकी समस्या पहले से मौजूद समस्या है या नहीं। नियुक्त डॉक्टर को आपकी समस्या के लिए आपका इलाज करने वाले डॉक्टर द्वारा दिए लक्षणों और संकेतों पर ग़ौर करना चाहिए, पर उनके लिए उनपर सहमत होना ज़रूरी नहीं है।

आपकी जेब से खर्च होने वाले अस्पताल के खर्च को कम करना

Bupa मेडिकल गैप स्कीम

Bupa मेडिकल गैप स्कीम को अस्पताल में आपके इलाज के आपके द्वारा भुगतान किए जाने वाले खर्च को हटाने या कम करने के लिए तैयार किया गया है। यदि डॉक्टर आपका इलाज करने के लिए इस स्कीम का प्रयोग करने का चयन करता है, तो वे यह सहमति देते हैं कि वे निश्चित शुल्क तक ही चार्ज करेंगे। इसके बाद Bupa अतिरिक्त खर्च को पूरा करने के लिए सामान्य तौर पर इनके द्वारा दी जाने वाली राशि से अधिक राशि का भुगतान करेगा। यदि डॉक्टर कोई गैप नहीं के विकल्प का प्रयोग करता है, तो सभी अतिरिक्त शुल्क को कवर करेगा, इसलिए आपको उस डॉक्टर के चिकित्सीय शुल्क के लिए कोई भुगतान करने की ज़रूरत नहीं होती है। अन्यथा, गैप स्कीम का प्रयोग करने वाले प्रत्येक डॉक्टर के लिए, आप अधिकांशतः चिकित्सीय खर्च के लिए अपनी जेब से $500 तक का भुगतान करेंगे। आपके इलाज में शामिल प्रत्येक डॉक्टर, सरकारी अस्पताल या किसी ऐसे गैर-सरकारी अस्पताल में जिसके साथ Bupa का अनुबंध हो, Bupa मेडिकल गैप स्कीम का प्रयोग करने का चयन कर सकता है।

और अधिक जानकारी के लिए **bupa.com.au/medicalgapscheme** देखें।

आपका एक्स्ट्रास कवर

1. Members First नेटवर्क

Bupa Members First हेल्थकेयर व्यवसायियों का एक व्यापक नेटवर्क है जिसमें डेंटल, ऑप्टिकल, फिजियोथेरेपी, काइरोप्रेक्टिक और पोडाइट्री प्रदाता शामिल हैं। OSHC Extras इस नेटवर्क पर पूरी तरह से उपलब्ध है और यह निश्चित शामिल सेवाओं पर 100% कवर के बेनेफिट के साथ उपलब्ध है (वार्षिक विज़िट सीमाओं के अधीन)। इसका यह अर्थ है कि आपको इन सेवाओं के लिए Members First नेटवर्क प्रदाता के पास जाने पर अपनी जेब से कोई खर्च नहीं देना होगा। OSHC Extras गैर-Bupa Members First हेल्थकेयर प्रदाताओं पर मिलने वाली किन्हीं सेवाओं को कवर नहीं करती हैं।

2. एक्सट्रास प्रतीक्षा अवधियाँ।

जब आप सबसे पहले अपना हेल्थ कवर लेते/लेती या अपग्रेड करते/करती हैं, तो आपके द्वारा अपने कवर के नए स्तर पर कोई क्लेम करने से पहले समयावधि लागू होती है। यह स्वास्थ्य बीमा उद्योग में आम है। आप अपने कवर के नए स्तर पर इस समयावधि के दौरान आपको मिलने वाली सेवाओं के लिए क्लेम नहीं कर सकते/सकती हैं, भले ही आप समयावधि के समाप्त होने पर क्लेम जमा कराने की प्रतीक्षा करते/करती हैं। OSHC एक्स्ट्रास कवर के लिए दो महीने की प्रारम्भिक प्रतीक्षा अवधि लागू है।

3. myBupa एप्प

स्वास्थ्य बीमा प्रणाली को समझना कठिन हो सकता है, इसलिए हमने 'myBupa' बनाई है – एक ऑनलाइन सुविधा-केन्द्र जो आपके कवर को प्रयोग करना पहले से कहीं अधिक आसान बनाती है। इसके सहज ज्ञान डिज़ाइन और लेपटॉप, डेस्कटॉप और मोबाइल में 24/7 एक्सेस के कारण, यह क्लेम करने और अपनी सदस्यता का प्रबंध करने का सबसे तेज़ तरीका है। आप निम्नलिखित कर सकते/सकती हैं;

- ऑनलाइन क्लेम करना
- इलाज कराने से पहले ऑनलाइन तरीके से अनुमान प्राप्त करना।
- अपनी शेष सीमाओं की जांच करना।
- अपनी टैक्स स्टेटमेंट्स प्राप्त करना; और
- अपने भुगतानों और भुगतान संबंधी जानकारी का प्रबंध करना।

टिप्पणियाँ:

टिप्पणियाँ:

आसान Bupa हेल्थ कवर

क्या आपको किसी शब्द के बारे में ठीक से पता नहीं है? यह वेबसाइट देखें:
bupa.com.au/glossary

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जिसके बारे में आपको पता होना चाहिए, वह इस वेबसाइट पर पाई जा सकती है: **bupa.com.au/oshc-info**

हमारे विदेशी छात्र नियम देखने के लिए **bupa.com.au** देखें।

किसी Bupa स्टोर पर जाएँ

1800 888 942 (ऑस्ट्रेलिया से)
+61 3 9937 4223 (ऑस्ट्रेलिया के बाहर से)

bupa.com.au/students

और अधिक जानकारी के लिए

Bupa
PO Box 14639
Melbourne VIC 3001

Bupa HI Pty Ltd
ABN 81 000 057 590

1 जुलाई 2019 से लागू
10311-07-19